हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–305 : जौनपुर, गुरुवार 17 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी के नए मंत्रिमंडल पर मंथन: दो या तीन डिप्टी सीएम : 24 से ज्यादा कैबिनेट मंत्री!

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार–02 का मंत्रिमंडल भाजपा के मिशन 2024 के एजेंडे को ध्यान में रखकर गठित होगा। मंत्रिमंडल में युवाओं, महिलाओं के साथ अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 में 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने के उद्देश्य से पश्चिम से पूर्वांचल तक जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधा जाएगा। योगी मंत्रिमंडल के गठन को लेकर बुधवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में करीब साढ़े चार घंटे तक चली बैठक में उप मुख्यमंत्री, कैबिनेट, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्रियों के नामों पर मंथन हुआ। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा और महामंत्री संगठन सुनील बंसल की मौजूदगी में हुई बैठक में करीब दो से तीन उप मुख्यमंत्री, दो दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों, करीब 11 से 12 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और दस राज्यमंत्रियों के नामों पर मंथन हुआ। जाटव समाज को ज्यादा नुमाइंदगी चुनाव परिणाम के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा ने बसपा के जाटव वोट बैंक में सेंध लगाने में सफलता हासिल की है। जाटव वोटों पर कब्जा बनाए रखने के लिए सरकार में जाटव समाज से दो से तीन मंत्री बनाए जा सकते है। वहीं, पार्टी की जीत में महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहा है, इसलिए मंत्रिमंडल में इनकी भी पर्याप्त नुमाइंदगी रहेगी। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि जितनी बड़ी जीत मिली है उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी सरकार पर है। इसके मद्देनजर मंत्रिमंडल में ऐसे विधायकों को शामिल किया जाएगा जो सरकार के साथ संगठन के एजेंडे को पूरा कर जनता की अदालत में बेहतर परिणाम दिला सकें। पार्टी ने मंत्रिमंडल में युवाओं और महिलाओं के साथ अनुभवी नेताओं को जगह देने का निर्णय किया है। खरे न उतरने वाले मंत्रियों का पत्ता कटेगा योगी सरकार 0.1 में सरकार और संगठन की अपेक्षा के अनुरूप काम नहीं करने वाले मंत्रियों को सरकार में दोबारा जगह नहीं दी जाएगी। वहीं, नई लीडरशिप डेवलप करने के लिए पहली और दूसरी बार जीतकर आए कुछ नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। मंत्रिमंडल में ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य के साथ जाट, कुर्मी, कुशवाहा, भूमिहार, पासी, कोरी समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। होली के बाद आएंगे शाह भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सह पर्यवेक्षक रघुवर दास होली के बाद लखनऊ आएंगे। शाह का 19 या 20 मार्च को आना प्रस्तावित है। उनकी मौजूदगी में भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा। सहयोगी दलों को दो से चार पद मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) और निषाद पार्टी को दो से चार पद दिए जाएंगे। भाजपा नेतृत्व पहले चरण में दोनों दलों को एक एक पद देने पर विचार कर रहा है, लेकिन दोनों सहयोगी दल कम से कम दो दो मंत्री पद मांग रहे है। विधान परिषद के लिए प्रत्याशी तय भाजपा ने विधान परिषद चुनाव के लिए 36 प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए है। प्रत्याशियों की सूची होली तक जारी होगी। सीएम के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए 7 पीसीएस संबद्ध नई सरकार केगठन के लिए होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए शासन ने 7 पीसीएस अधिकारियों को लखनऊ के जिला प्रशासन से संबद्ध किया है। नियुक्ति विभाग के विशेष सचिव की ओर से बुधवार को जारी आदेश के मुताबिक लखनऊ के डीएम के अनुरोध पर शासन ने इन अधिकारियों को संबद्ध किया गया है। डीएम ने शासन को पत्र लिखा था कि 20 मार्च के बाद सीएम और मंत्रिमंडल का शपथ लेना संभावित है। इसमें प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत तमाम विशिष्ट अतिथियों के अलावा करीब 70 हजार लोगों के उपस्थित रहने की संभावना है। इसलिए 19 मार्च की शाम से 7 पीसीएस अधिकारियों को संबद्ध करने का अनुरोध किया गया था। इनमें अपर निदेशक नागरिक उड्डयन विश्वभूषण मिश्र, उप आवास आयुक्त प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, उप निदेशक मंडी संतोष कुमार व चंदन कुमार पटेल, एलडीए के ओएसडी द्वय अरुण कुमार सिंह व अमित कुमार राठौर और एसडीएम बाराबंकी शंभू शरण शामिल हैं।

## एजेंट हो गए है मालामाल : लेकिन उपभोक्ता कंगाल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : अंबेडकरनगर जिले के सहारा बैंक शाखाओं में आम आदमी, किसानों दुकानदारों, अधिवक्ताओं सहित घरेलू महिलाओं, स्कूली बच्चों का करोड़ो रुपया फंसा, अब मिलेगा या नही लोगों को सता रही है चिंता ? लोगो ने पेट काट कर डेली, मंथली किया है रुपया जमा। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने जिन स्किमो पर लगाई है रोक उंसके अलावा कई दूसरे स्किमो में है आम आदमी का जमा रुपया। लोगो की बेटे बेटियों की रुकी है शादी, पढ़ाई दवा इलाज और अन्य घरेलू कार्य हो रहा है प्रभावित। कोई नेता, शासन प्रशासन नही दे रहा ध्यान। लोग परेशान, पेट काट कर डेली 100, 50, 10, 20, 30 आदि प्रतिदिन एजेंटों के पास




जमा करके जरूरत के समय काम आने का देखे थे स्वप्न। एजेंट एवं सहारा कर्मी सिर्फ आश्वासन देकर उपभोक्ताओं को दिला रहे हैं झूठी दिलासा। सेबी से भुगतान की रोक होने की बताई जा रही है बात। उवभोक्ताओ को बेवकूफ बना कर भुगतना नही कर पैसा दुबारा दूसरे स्कीम में जमा करवा कर हड़पा जा रहा है कमीसन। आम जनता की सबसे बिकराल समस्या आई है सामने।

पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देश की उपासना
राष्ट्रीय हिन्दी
मासिक / साप्ताहिक एवं दैनिक
समाचार पत्र परिवार की तरफ से
उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

## करीब 1.90 लाख बच्चे टीकाकरण के लिए लक्षित : जल्द ही शत–प्रतिशत लगेगा टीका – जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजकीय लीलावती महिला चिकित्सालय में बुधवार को अलग से बने बूथ पर बदलापुर के अजय सिंह की बेटी रजनी सिंह (14) को जनपद में कार्बीवैक्स का सबसे पहला टीका लगाया गया। इस तरह जिले में 12 से 14 वर्ष की उम्र के बच्चों के कोविड टीकाकरण की शुरुआत हुई। दूसरे नम्बर पर उमेश सिंह के बेटे श्रेयस सिंह (12) को टीका लगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उन्हें कोविड टीकाकरण का सर्टिफिकेट प्रदान किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 12 से 14 वर्ष तक के करीब 1 लाख 90 हजार बच्चों का टीकाकरण कराए जाने का लक्ष्य है जिसे अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कार्बीवैक्स वैक्सीन लगाई जा रही है जिसे ईबायोलाजिकल कम्पनी ने तैयार किया है। उन्होने बताया कि जिले में पहले दिन बुधवार को 12 से 14 वर्ष के 22 बच्चों को कार्बीवैक्स का टीका लगाया गया। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि जल्द से जल्द 12 से 14 वर्ष के बच्चों का कोविड टीकाकरण कराने में सरकार का सहयोग करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस समूह के बच्चों को कार्बीवैक्स वैक्सीन की दूसरी खुराक 28 दिन बाद लगाई जाएगी। इसके बाद जनपद के सभी केंद्रों पर 12 से 14 वर्ष के बीच के बच्चों का कोविड टीकाकरण होली के बाद वृहद रूप से किया जाएगा। कोविड टीकाकरण अभियान में 12 से 14 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण सातवें चरण के रूप में शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही 60 वर्ष या 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को एहतियाती (प्रीकाशनरी) डोज लगाई जाएगी। पहले केवल कोमार्विड वाले बुजुर्गों को ही प्रीकाशनरी डोज लगाया जा रहा था। 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नागरिक जिन्हें दूसरी डोज लगे नौ महीने से अधिक का समय बीत चुका है। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर प्रीकाशनरी डोज अवश्य लगवा लेने की अपील की है। इस मौके पर जनपद के सभी एसीएमओ, संयुक्त राष्ट्र बाल आपात कोष (यूनीसेफ) की जिला मोबलाइजेशन कोआर्डिनेटर (डीएमसी) गुरदीप कौर, यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर



(वीसीसीएम) शेख आफजाद सहित स्वास्थ्य विभाग के बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अभी तक के टीकाकरण की स्थिति: जनपद में अभी तक 68.31 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण की डोज लगाई जा चुकी है जिसमें से 38.57 लाख को पहली डोज, 29.23 लाख को दूसरी डोज तथा 50,249 को एहतियाती (प्रीकाशनरी) डोज शामिल है। 15 से 18 वर्ष के किशोरों को कुल 4.77 लाख डोज से अधिक का टीकाकरण हो चुका है जिसमें से 2.93 लाख से अधिक को पहली डोज तथा 1.83 लाख को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 44 वर्ष की उम्र के लोगों में 41.31 लाख डोज से अधिक का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 24.03 लाख को पहली डोज तथा 1.,28 लाख को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 45 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों में 12,86,912 डोज का टीकाकरण हो चुका है जिसमें से 6,91,055 को पहली डोज तथा 5.95 लाख को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में 8.48 लाख डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 4.40 लाख को पहली डोज, 3.86 लाख को दूसरी डोज तथा 20,705 को प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है। बोलीं लाभार्थी जनपद में 12 से 14 वर्ष की उम्र के कोविड टीकाकरण की पहली लाभार्थी रजनी सिंह कहती हैं कि मैंने यह टीका अपने शरीर को कोविड महामारी से लड़ने में सक्षम बनाने के लिए किया है। यह टीका लग जाने से मेरा शरीर कोविड से बहुत कम प्रभावित होगा। हालांकि इसके बावजूद मैं पूरा एहतियात बरतूंगी। मास्क लगाऊंगी तथा भीड़ में जाने से बचूंगी। उन्होंने कोविड का टीका सिर्फ मेरे ही लिए नहीं बल्कि सभी लोगों के लिए लगवाना जरूरी है।

## बयालसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में धूम–धाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीते दिनों बुधवार को बयालसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुपालन में श्री काशी विश्वनाथ उद्घाटन के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं और शैक्षिणक सत्र 2020 की विश्वविद्यालय परीक्षा के कालेज के स्नातक व परास्नातक स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने कुलगीत, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, देश भक्ति गीत के साथ ही लोकगीत, युगल गायन, लोकनृत्य, नाटक और एकल अभिनय को प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रमों का भी मंचन किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस और रोवर रेंजर की टीमों ने अतिथियों का सम्मान और व्यवस्था को बनाने में अपनी मूल्यवान भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि गुरु को अपने छात्र छात्राओं के बौद्धिक स्तर पर जाकर पढाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ आर. पी. सिंह ने शिक्षा का जीवन में महत्व पर चर्चा की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विजय प्रताप सिंह ने की और कहा कि अनुशासन शैक्षिक जीवन का आधार है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद



शंकर चौधरी ने स्वस्थ शैक्षिक परिवेश के निर्माण हेतु छात्र छात्राओं की प्रतिभाओं के सकारात्मक दिशा में परिमार्जित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लगभग 1500 छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सार्थक बनाया। कार्यक्रम में सचिव, प्रबंध समिति ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम की संजोजिका की भूमिका में डॉ अल्केश्वरी सिंह और मंच संचालन की भूमिका डॉ संजय नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ पी.के. सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ. अल्केश्वरी सिंह, डॉ बृजेश कुमार मिश्र, डॉ संजय नारायण सिंह, श्री जगत नारायण सिंह, डॉ अंशुमान सिंह, डॉ आशुतोष पाण्डेय, श्री अनिल कुमार, श्री सफीउल्लाह अंसारी, डॉ अरविन्द कुमार, श्री प्रकाश चंद्र कसेरा, डॉ प्रवीण कुमार, श्री सोमरू राम डॉ सीमा सिंह और राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। डॉ प्रतिभा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## होली के रंग दिव्यांगों के संग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी डॉ अंजना सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ मूक बधिर एवं दिव्यांग बच्चों के साथ जौनपुर नगर से सटे''राजेश स्नेह ट्रस्ट आफ एजुकेशन'' दिव्यांग स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र रूहट्टा में दिव्यांग विद्यालय में बच्चों के साथ मिष्ठान एवं रंग गुलाल पिचकारी आदि भेंट कर मनाया एवं उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अनेकता में एकता का यह पर्व हमें एक दूसरे के प्रति स्नेह सम्मान एवं सहानुभूति का



पाठ पढ़ाता है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत का यह पर्व हमें सदैव धर्म एवं सत्य के मार्ग को अपनाने का पाठ पढ़ाते हुए एक दूसरे के प्रति भाईचारे एवं परस्पर स्नेह का मार्ग दिखाता है बसंत का यह पर्व रंग बिरंगे फूलों की भात हम सभी के जीवन में अनेकता में एकता का संदेश देता है मैं संगठन की ओर से समूचे देशवासियों को होली महापर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं कार्यक्रम को संबोधित करते हैं प्रदेश महासचिव सुधीर सिंह ने कहा कि ईर्ष्या पेट से ऊपर उठकर परस्पर स्नेह एवं सम्मान का अभाव ही होली है कार्यक्रम में संगठन के साथ साथ दिव्यांग विद्यालय परिवार के प्रबंधक राजेश कुमार ( सहायक प्रोफे.पूर्वांचल विश्वविद्यालय )जौनपुर अध्यापक यूपी सिंह ,दीपक श्रीवास्तव, शिक्षिका किरन, रौनक ,संदीप आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रदीप तिवारी ने किया एवं आए हुए अतिथियों के प्रति संगठन महामंत्री सीमा तिवारी ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रेनू सिंह एवं अर्चना त्रिपाठी एवं प्रियंका श्रीवास्तव सहित तमाम संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ज्वेलर्स की दुकान में चोरी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गो चौराहा स्थित मां अंबे ज्वेलर्स में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर लिया। इसकी जानकारी दुकान के संचालक को सुबह उस समय हुई जब किसी ने उनके मोबाइल पर फोन करके बताया। जानकारी के अनुसार सोनू वर्मा महेवा के कटनिया ढाला के पास रहते हैं। कल शाम को



रोज की तरह दुकान बंद करके आवास पर चले गए। दुकान में चोरी होने की जानकारी आज गुरुवार को स्थानीय लोगों ने फोन करके दी। सूचना मिलते ही वह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का दोनों ताला टूटा हुआ है। दुकान में रखा जेवरात व नकदी चोरों ने चुरा लिया है। बताया जाता है कि चोर दुकान में रखी अलमारी को दुकान से लगभग 300 मीटर सुनसान खेत में ले जा करके तोड़ने का प्रयास किया जिसमें वह असफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच घटना की छानबीन में जुट गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देर रात 2.19 बजे की घटना कैद है। चोरों को टैंपू से आते हुए देखा गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारे में सोचो जिनके कर्म अच्छे हो।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## चुनावी जीत के मायने : भाजपा की जीत की गूंज दक्षिण तक, राजनीतिक दलों के लिए एक भारी झटका

अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी और पन्नीरसेलवम ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह को बधाई दी है। केरल की नायर सर्विस सोसाइटी ने भी मोदी–योगी की जीत का स्वागत किया है। नायर सर्विस सोसाइटी का वोट शेयर पांच प्रतिशत है। वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन रेड्डी ने भाजपा की जीत की सराहना की, लेकिन राज्य में भाजपा की भूमिका को लेकर वह सतर्क हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की भारी जीत दक्षिणी राज्यों के राजनीतिक दलों के लिए एक भारी झटका है, खासकर द्रमुक और तेलंगाना राष्ट्र समिति के लिए। दक्षिणी राज्यों के दो मुख्यमंत्रियों–तमिलनाडु के एम. के. स्टालिन और तेलंगाना के. चंद्रशेखर राव का मानना था कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी योगी आदित्यनाथ को सत्ता से बेदखल कर देगी। इन दोनों ने न तो योगी आदित्यनाथ को बधाई दी और न ही भाजपा को। इन्हें अपने राज्यों में अल्पसंख्यक वोटों के खोने का डर है। केरल में माकपा की सरकार है, इसलिए वहां से भी कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं की जा सकती। कर्नाटक और पुड्डुचेरी, दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार है, इसलिए उन्होंने चार राज्यों में पार्टी की बड़ी जीत का स्वागत किया है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई चुनावी रैलियों में कहा कि डबल इंजन सरकार ने दलितों के लिए बहुत कुछ दिया है, यह संदेश दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु के मतदाताओं के दिमाग में बहुत गहराई तक चला गया है। हाल ही में संपन्न शहरी निकाय के चुनावों में भाजपा के लिए मतदान प्रतिशत में उछाल आया है। तमिलनाडु में भाजपा अन्नाद्रमुक को साथ लिए बगैर अकेले चुनाव लड़ी। इसे पूरे तमिलनाडु में छह प्रतिशत वोट शेयर के साथ दस लाख वोट मिले। योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करने के लिए कोयंबटूर गए थे। वहां से भाजपा की महिला प्रत्याशी वनति श्रीनिवासन चुनाव जीत गईं। इसी तरह योगी आदित्यनाथ ने हैदराबाद नगर निगम के लिए प्रचार करते हुए कहा था कि अगर तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आती है, तो हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की वापसी का रास्ता बनाने के लिए द्रमुक गांधी परिवार के तीनों सदस्यों से खफा है। द्रमुक के आधिकारिक समाचार पत्र मुरासोली ने एक संपादकीय में लिखा कि कांग्रेस कमजोर है, और अपने नेताओं को भाजपा में जाने से नहीं रोक पा रही है। गांधी परिवार को भाजपा की ताकत का मूल्यांकन करना होगा, जैसे द्रमुक ने तमिलनाडु में भाजपा को ध्वस्त कर दिया था। उत्तर प्रदेश कांग्रेस को ठोस प्रयास करना चाहिए था। यह दुखद है कि गांधी परिवार ने कांग्रेस की ताकत को ज्यादा करके आंका। दिलचस्प है कि हाल में राहुल गांधी स्टालिन की जीवनी का विमोचन करने चेन्नई आए थे, तो उन्होंने द्रमुक–कांग्रेस गठबंधन जारी रखने की बात कही थी। द्रमुक के अखबार के संपादकीय से एम. के. स्टालिन की मानसिकता का पता चलता है। चार राज्यों में भारी बहुमत पाने के बाद भाजपा यह सुनिश्चित करना चाहती है कि लोगों की भावनाओं को वोटों में तब्दील किया जाए। इसके लिए एक बड़ी कार्ययोजना तैयार की गई है। दोहरे इरादे के साथ केंद्र की भाजपा सरकार ने एक पूर्व खुफिया अधिकारी बिहारी रवींद्र नारायण रवि को तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया है। रवि अपने पश्चिम बंगाल एवं महाराष्ट्र के समकक्षों की तरह निर्वाचित मुख्यमंत्री को परेशान करने के लिए आक्रामक ढंग से काम कर रहे हैं। हार के बावजूद उत्तर प्रदेश में अखिलेश की समाजवादी पार्टी को अच्छे वोट मिले, लेकिन उत्तर प्रदेश में वंशवादी राजनीति पर हमला करना नरेंद्र मोदी का मुख्य विषय था। यह रणनीति तमिलनाडु के लिए भी उपयोगी है। पिछले साठ वर्षों से करुणानिधि का परिवार सत्ता में है। इसी परिवारवादी शासन परंपरा को अपने जीवन काल में अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जयललिता ने भी लागू किया था। परिवारवादी शासन के खिलाफ नारों ने तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश में युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया है। दक्षिणी राज्यों के युवा मतदाता मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार द्वारा लाई गई डिजिटल क्रांति और विकास के पहलुओं से आकर्षित हो रहे हैं। 'सबका साथ–सबका विकास' का नारा विशेष रूप से महिला मतदाताओं के बीच लोकप्रिय है। पिछले छह महीने में मोदी ने लगभग सभी सार्वजनिक संबोधनों में परिवारवाद पर निशाना साधा है। संसद में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में परिवारवाद कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक है। तमिलनाडु की विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने योगी की जीत का स्वागत किया है। अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी और पन्नीरसेलवम ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह को बधाई दी है। केरल की नायर सर्विस सोसाइटी ने भी मोदी–योगी की जीत का स्वागत किया है। नायर सर्विस सोसाइटी का वोट शेयर पांच प्रतिशत है। वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन रेड्डी ने भाजपा की जीत की सराहना की, लेकिन राज्य में भाजपा की भूमिका को लेकर वह सतर्क हैं। इसका कारण वहां भाजपा के पर्यवेक्षक सुनील देवधर हैं, जो आंध्र प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं और 2023 के विधानसभा चुनाव में वाईएसआर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। दक्षिण भारत के छह राज्यों के वरिष्ठ राजनेता और टिप्पणीकार योगी–मोदी की जीत का श्रेय केंद्र सरकार के लोकप्रिय सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों, जैसे उज्ज्वला योजना और दलितों के लिए शौचालय निर्माण को देते हैं। इन विश्लेषकों का कहना है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में महिलाओं से भाजपा की अपील महत्वपूर्ण रही। चुनावी टिकटों से लेकर नौकरियों तक में आरक्षण, सरकारी योजनाओं में अधिक हिस्सेदारी और मुफ्त उपहार वितरण तक, महिलाएं लगभग सभी बड़े दलों के राजनीतिक अभियानों के केंद्र में रहीं। मतदान केंद्रों पर सभी जातियों, वर्गों और धर्मों की महिलाओं की भीड़ लगी रही। हालांकि सभी दलों ने महिलाओं को आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन भाजपा ही उन्हें अपनी ओर खींचने में सफल रही। महिलाओं की रक्षा और सुरक्षा, दंगा मुक्त राज्य के भाजपा प्रचार के साथ–साथ महिलाओं के नाम पर राशन, घर, गैस सिलिंडर का वितरण एवं अन्य लाभों ने लगता है कि महिला मतदाताओं को आकर्षित किया। द्रमुक नेता स्टालिन ने अल्पसंख्यक मतों के खोने के डर से योगी आदित्यनाथ को बधाई नहीं दी, लेकिन पंजाब में जीत के लिए आप के अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को बधाई दी। कुछ विश्लेषकों के मुताबिक, यह उत्तर भारत को लेकर द्रमुक का द्वेषपूर्ण रुख है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।


**होली के पावन पर्व पर सभी शुभ चिंतकों एवँ ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**




**ग्राम प्रधान अरुणा देवी एवं प्रधान पति मनोज कुमार , ग्राम बेहटी , विकास खण्ड भावलखेड़ा , जिला शाहजहाँपुर**

**आप सभी वाराणसी जनपद वासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**



**ई. प्रभाकर दूबे**
**अधिशासी अभियंता**
**(सेवा निवृत्त)**
**वाराणसी**


## पुरस्कार के साथ साल भर की मेहनत का फल पाकर बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वर्ष 2021–22 के शिक्षण मेधावी छात्रों को पुरस्कार रिजल्ट कार्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । विद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अपनी अपनी कक्षा में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए टेलीविजन चलाते समय बच्चे को पढ़ने के लिए न कहे और बच्चों को पढ़ते समय खुद भी टेलीविजन न चलाएं। बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने के साथ–साथ उन्हें अच्छे संस्कार भी सिखाएं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रुपापुर शुगर मिल के जीएम प्रभात कुमार सिंह ने बच्चों को जीवन की सीख देते हुए बताया कि जिस प्रकार रेलवे क्रॉसिंग का फाटक रेल आने से पूर्व बंद होता है और रेल जाने के बाद खुल जाता है और हमारा रास्ता प्रशस्त हो जाता है उसी प्रकार कठिनाई आने पर संयम के साथ परेशानियों का सामना करके हमारी सफलता का रास्ता प्रशस्त होता है उन्होंने कहा कि जिन्होंने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त नहीं किया है लेकिन कठिन परिश्रम किया है वह सभी बधाई के पात्र हैं उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह ने ससम्मान उत्तीर्ण हुए सभीबच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने के लिए बधाई दी तथा आगे भी इसी तरह कठिन परिश्रम कर अपने जीवन को उज्जवल में बनाने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं में प्राप्त करने वाले बच्चों में दिव्यांशी जायसवाल , राघव सिंह, इशिका सिंह, न हुदा बानो ,काव्य ,प्रज्ञा गुप्ता ,अभय प्रताप सिंह ,अमन कश्यप





,रिया गुप्ता ,शुभ गुप्ता ,वैष्णवी गुप्ता, इलमा ,अर्पिता मिश्रा ,अंशुल वर्मा ,अनुराग वर्मा, दयानिधि ,अक्षय कुमार , सोनाक्षी, रुद्रांश सिंह, आराध्या गुप्ता, यश गुप्ता, काव्य शुक्ला , तान्या ,अवंतिका श्रीवास्तव, मांधाता ,आस्था गुप्ता, बबीता वर्मा, कार्तिकेय पांडे ,सिद्धि शुक्ला ,आयुषी गुप्ता , राधिका दिव्यांश गुप्ता, राम लक्ष्मी, आर्यन, कार्तिक श्रीवास्तव ,खुशी गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता ,अंशिका सिंह ,अनिमेष कुमार सिंह, शिवांशी वर्मा, हर्ष गुप्ता ,अनुष्का वर्मा आदि रहे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने सभी बच्चों को शुभ आशीष प्रदान किया भूमिका सिंह नर्सरी बच्चों का मनोबल बढ़ाने के साथ–साथ उनका उत्साहवर्धन किया इसी श्रंखला में विद्यालय के उपप्रबंधक मुकेश सिंह, शिक्षिका प्रज्ञा तिवारी, विनीता शुक्ला ,सोनी तिवारी, दिव्या सिंह ,बीना गुप्ता ,रचना प्रजापति, कविता गुप्ता, शशिबाला व शिक्षक रामप्रकाश पांडेय ,अशोक गुप्ता ,संजय गुप्ता ,देवेश प्रसाद सिंह शुभम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पास नक्शा के अलावा किए गए निर्माण कार्य को बुलडोजर द्वारा तत्काल ध्वस्त कराने का अपर आयुक्त ने दिया आदेश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रकाश श्रीवास्तव लखनऊ महानगर अध्यक्ष अखिल भारत हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश निवासी 13/250 इंदिरानगर लखनऊ ने बताया कि आवास विकास परिषद के अपर आयुक्त को शिकायती पत्र दिया है जिसमें निवेदन किया है कि मेरे घर के सामने मकान नंबर 13/252 का निर्माण कार्य पिछले चार–पांच महीनों से हो रहा था। इनके द्वारा मकान आनंद शंकर सिंह मालिक द्वारा ठेकेदार के माध्यम से 3 मंजिला मकान का निर्माण कराने के बाद चौथे मंजिल का निर्माण करना शुरू किया। चौथे मंजिल का निर्माण हो जाने के बाद मेरे घर में सूरज की रोशनी और हवा का आवागमन रुक जाने की संभावना को देखते हुए मैंने आवास विकास के इंदिरा नगर क्षेत्र के एक्सईएन उदय वीर सिंह और जेई अनूप जायसवाल से संपर्क किया। उन लोगों द्वारा आश्वासन दिया गया कि जांच करके काम रुकवाया जाएगा। परंतु कई दिन बीतने के बाद भी कोई जांच–पड़ताल ना होने कारण तथा कल सुबह से चौथी मंजिल का हो रहे निर्माण कार्य की फोटो और वीडियो लगातार उदयवीर सिंह और अनूप जायसवाल को उनके व्हाट्सएप नंबर पर मेरे द्वारा प्रेषित किया जाता रहा फिर भी ठेकेदार से मिलीभगत कर काम को नहीं रुकवाया गया।कई दिन बीतने के बाद भी कोई जांच–पड़ताल ना होने कारण और हो रहे निर्माण कार्य को न रोके जाने के बाद बाध्य होकर कल अपर आयुक्त आवास विकास से मुलाकात कर लिखित शिकायत दिया गया । अपर आयुक्त ने उदयवीर सिंह को निर्देश दिया कि बुलडोजर द्वारा पास




नक्शा के अलावा किए गए निर्माण कार्य को तत्काल ध्वस्त कराने तथा चीफ इंजीनियर आवास विकास से स्वयं मौके पर जाकर जांच कराने की आदेश दिया गया। तब कहीं जाकर शाम 4:00 बजे चौथी मंजिल का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा रोका गया। यहां यह भी अवगत कराना आवश्यक है कि निर्माण कार्य के लिए केवल ग्राउंड फ्लोर का नक्शा आवास विकास से पास कराया गया है। आपके सम्मानित समाचार पत्रों चौनल के माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इस मामले को अपने समाचार पत्र एवं चौनल के माध्यम से शासन के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का कष्ट करें। मकान नंबर 13 / 252 इंदिरा नगर को तत्काल सील करते हुए अवैध निर्माण कार्य गिराए जाने में तेजी हो सके।

### रनबाज ग्रुप के सदस्यों ने जनेश्वर मिश्र पार्क में होली मिलन का किया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ के रनबाज ग्रुप के सदस्यों ने जनेश्वर मिश्र पार्क में होली मिलन का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार होली पर्व की बधाई देते हुए रनबाज ग्रुप के सदस्य रुपेश कुमार ने कहा कि सामाजिक समता, सौहार्द एवं उल्लास के प्रतीक है होलीका त्योहार । होली भारत की सनातन परम्परा का प्रमुख पर्व है। इस पर्व पर हम सभी को आपसी भाईचारे के साथ रंगों के उल्लास में डूब जाना चाहिए । अमर्त्य सिन्हा ने कहा कि समाज और राष्ट्र में परिवर्तन की महत्वपूर्ण घटनाओं को हमारी ऋषि परम्परा ने पर्व एवं त्योहारों के रूप में धार्मिक मान्यता देकर अगली पीढ़ी को प्रेरणा एवं प्रकाश का आधार प्रदान किया। होली का पर्व हमें अधर्म, असत्य एवं अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में डॉ अनामिका शुक्ला, डॉ अनुराग कटियार, क्षितिज शुक्ला, विजया कुमारी, आरपी सिंह, रुपेश कुमार, अनु गुलाटी, अमर्त्य सिन्हा, नूतन सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव, शुभी श्रीवास्तव, मनीष तोमर सहित तमाम लोगों ने जमकर होली खेली।


**सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान परिवार की ओर से आप सभी को होली के पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं**



**–डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी "मधुपेश"**
**प्रबंधक**
**अल्लीपुर, हरदोई उ0प्र0**
**मो0– 9452079330**


## संगठित रूप से नकल कराने वालों पर रासुका के तहत होगी कार्रवाई: दुर्गा शंकर मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उप्र बोर्ड परीक्षा को लेकर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए ।कहा कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएं। संगठित रूप से नकल कराने वालों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वर्ष 2022 की उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्तों, पुलिस आयुक्तों, जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला प्रशासन प्रश्न पत्रों के पहुंचने से पूर्व ही प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्हें जिला मुख्यालय में सुरक्षित स्थान पर पुलिस अभिरक्षा में रखवाया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों का वितरण जिलाधिकारी की तरफ से नामित अधिकारी की निगरानी में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पुलिस अभिरक्षा में कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की अवधि में पर्याप्त सशस्त्र सुरक्षा बल उपलब्ध रहे। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिलों में जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर लिए जाएं, जो परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। संगठित रूप से नकल कराने वालों पर रासुका के तहत तत्काल कार्रवाई की जाये। अफवाह फैलाने वालों पर विशेष ध्यान रखा जाये तथा उन पर सख्त कार्रवाई की जाये। संवेदनशील केन्द्रों पर एसटीएफ द्वारा नजर रखी जाये। मुख्य सचिव ने कहा कि समस्त जिलाधिकारी नकल विहीन व शान्तिपूर्ण परीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक शीघ्र करें।



टीम बनाकर परीक्षा केन्द्रों की आधारभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत स्थलीय निरीक्षण हो। परीक्षा अवधि में निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग से बोर्ड परीक्षा को देखते हुए परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने को कहा गया है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में आठ हजार 373 परीक्षा केन्द्रों पर 51 लाख 92 हजार 689 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। प्रश्न पत्रों को रखने की व्यवस्था डबल लाक युक्त अलमारी में किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी तथा राउटर स्थापित किया गया है। इसके पर्यवेक्षण हेतु माध्यमिक शिक्षा के शिविर कार्यालय, लखनऊ में केन्द्रीयकृत राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। इस कन्ट्रोल रूम से परीक्षा अवधि में प्रत्येक जिले के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के हर परीक्षा कक्ष की निगरानी की जायेगी। नकल विहीन परीक्षा कराना प्रत्येक जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक का दायित्व होगा, जो निरन्तर जिला प्रशासन से समन्वय बनाये रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की बोर्ड परीक्षा में प्रथम बार सॉफ्टवेयर के माध्यम से कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिसमें उनकी दैनिक उपस्थिति होगी। परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा।

## मंडी में अधिकारियों की गाड़ियां चेक करना पड़ा महंगा : दो सपा नेता गिरफ्तार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सपा कार्यकर्ताओं की ओर से ईवीएम रखवाली के नाम पर अधिकारियों की गाड़ियां चेक करने के प्रकरण में वीडियो क्लिप के आधार पर दो सपा नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मतगणना से 1 दिन पूर्व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यकर्ताओं ने मतगणना स्थल जाने वाले सभी सरकारी वाहनों को बिना चेक किए अंदर नहीं घुसने दिया था इसी क्रम में अधिकारियों के वाहनों की भी तलाशी ली गई थी इस बार इस दौरान अधिकारियों को उनकी गाड़ी के नीचे सपा नेताओं की ओर से उतार दिया गया था। मतगणना के बाद इस प्रकरण पर जिला प्रशासन गंभीर हुआ और उसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की ठान ली। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी के ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात 100 सपाइयों पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने निषाद पार्टी के नेता पूर्व में सपा नेता संजय कश्यप व परिवेश श्रीवास्तव 'कुक्कू' को गिरफ्तार किया है। सपा नेता परिवेश श्रीवास्तव 'कुक्कू' प्रदेश सचिव मुलायम यूथ ब्रिगेड व संजय कश्यप पूर्व में प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को गिरफ्तार किया गया है। दोनों नेताओं सहित अज्ञात 100 सपा कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की गाड़ियां चेक की थी। पुलिस–प्रशासन की गाड़ियां चेक करते हुए सपाइयों ने हुड़दंग किया था। पुलिस ने चिन्हित कर दो आरोपियों संजय कश्यप व परिवेश



श्रीवास्तव 'कुक्कू' को गिरफ्तार किया है। हाल ही में संजय कश्यप ने निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने पार्टी में शामिल कराया था। भाजपा गठबंधन में जुड़ी निषाद पार्टी में जाने के बावजूद भी संजय कश्यप को जेल जाना ही पड़ गया। दो नेताओं की गिरफ्तारी से सपा के अन्य कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि 09 मार्च को अज्ञात लोगों ने मंडी में प्रशासन की गाड़ियां रोक कर चेक की थी। जिसमें अपर जिलाधिकारी के ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने 100 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने दो सपा कार्यकर्ताओं को पहचान कर संजय व परिवेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## हिरण्यकश्यप की नगरी हरदोई से हुई होली की शुरुआत : आज भी है भक्त प्रहलाद का कुंड

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रंगों का त्योहार होली देश विदेश में पूरे उत्साह से मनाया जाता है लेकिन होली की शुरुआत कहां से हुई इसके बारे में लोग कम जानते हैं। होली की शुरुआत उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद से हुई। वर्तमान में हरदोई के नाम से जाने जाने वाला या जनपद हिरणाकश्यप की राजधानी था। यहीं पर भगवान नरसिंह ने अवतार लेकर भक्त प्रहलाद की रक्षा की थी। आज भी हिरणाकश्यप के महल के खंडहर, भक्त प्रहलाद का घाट व प्रहलाद व हिरण्यकश्यप से जुड़ी अनेक चीजें यहां पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का नाम पहले हरिद्रोही था। हरिद्रोही नाम इसलिए था क्योंकि यहां पर हिरणाकश्यप की राजधानी थी। हिरणाकश्यप ने अपनी बहन होलिका से भक्त प्रहलाद को भस्म करने का आदेश दिया था। भगवान की कृपा से आग की लपटों में होलिका जल गई थी, लेकिन भक्त पहलाद का बाल भी बांका न हुआ था। भक्त प्रहलाद का जीवन बचने पर नगर वासियों ने खुशी में एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ा कर त्यौहार मनाया था। तभी से होली त्यौहार की शुरुआत हुई। हरदोई गजेटियर व धार्मिक ग्रंथों के अनुसार हिरणाकश्यप की राजधानी हरदोई थी। राम का विरोधी होने के कारण हिरना कश्यप ने र अक्षर के उच्चारण पर भी रोक लगा दी थी। यही वजह है कि हरदोई में



काफी दिनों तक लोग र अक्षर से परहेज करते रहे। आज भी अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षर से परहेज के कारण हरदोई को लोग हद्दोई, उरद को उद्द जैसे उच्चारण करते हैं । हिरण्यकश्यप की नगरी हरदोई पूर्व में हरी द्रोही के नाम से जानी जाती थी। धीरे–धीरे समय बदलता गया और हरी द्रोही हरदोई के रूप में आ गया। आज भी जहां पर हिरणाकश्यप का महल था। वहां पर उसके महल के खंडहर टीले के रूप में तब्दील हैं । यहां पर भक्तों द्वारा नरसिंह भगवान की मूर्ति स्थापित की गई यहीं पर भक्त पहलाद का कुंड है। जहां पर प्रहलाद स्नान कर पूजा ध्यान करते थे। पौराणिक ग्रंथों व हरदोई गजेटियर में भक्त प्रहलाद की इस नगरी का उल्लेख भी है। आज भी हरदोई में होली विशेष उत्साह के साथ मनाई जाती है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा टीम बनाकर जनपद के नगर क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर की गयी कार्यवाही

जौनपुर सू.वि. : अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश के अनुपालन के क्रम में आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं पेय पदार्थों विशेष रूप से खाद्य पदार्थ खोया, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष छापामार अभियान द्वारा जनपद जौनपुर में 12 मार्च 2022 से 17 मार्च 2022 तक प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने हेतु खाद्य सचल दल का गठन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जौनपुर के नेतृत्व में जनपद में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है । उक्त के क्रम में 16 मार्च 2022 को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा टीम बनाकर जनपद के नगर क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर कार्यवाही की गयी । ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशू नागपाल एवं नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार अग्निहोत्री के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिपिन कुमार गिरि, राजेश मौर्य, अमरदेव सिंह कुशवाहा, रघुनाथ प्रसाद पटेल एवं सूर्यमणि द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर स्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं से खाद्य पदार्थ खोवा के 05 नमूनें, इमरती के 01 नमूना एवं लड्डू का 01 नमूना (कुल–07 नमूना) जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है । इस प्रकार इस प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान खाद्य सचल दल द्वारा 12 मार्च 2022 से 16 मार्च 2022 तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के अलग–अलग स्थानों पर कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के अन्तर्गत



जनपद के अलग–अलग स्थानों पर स्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं से खाद्य पदार्थ दूध के 12 नमूने, घी का 01 नमूना, अन्य मिठाईयों के 05 नमूनें, पनीर के 07 नमूनें, मिल्क प्रोडक्ट मिठाई के 09 नमूनें, खोया के 12 नमूनें, नमकीन का 01 नमूना, चिप्सध्पापड़ के 05 नमूनें तथा दही का 01 नमूना (कुल–53 नमूना) जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है । इसी के साथ ही खाद्य सचल दल द्वारा 12 से 15 मार्च 2022 तक प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अलग–अलग खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर नमूना संग्रहण की कार्यवाही के साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल मात्रा लगभग 10 कुन्तल 29.6 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 135050 को नियमानुसार सीज कर जब्त किया गया एवं खाद्य पदार्थ इमरती मात्रा लगभग 13 कि0ग्रा0 (अनुमानित मूल्य रू0 1690 को नियमानुसार विनष्ट किया गया। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील किया जाता है कि जनहित में अपने–अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/क्रय/विक्रय/भण्डारण करना सुनिश्चित करें।

## मास्टर ट्रेनर तैयार करने के लिए संगिनियों और बीसीपीएम को दिया प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में बुधवार को आशा संगिनियों और ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (बीसीपीएम) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण से आशा संगिनियां तथा आशा तकनीकी दक्ष हो सकेंगी। उन्हें कार्य योजना बनाने, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने तथा संवाद परामर्श कौशल सुदृढ़ करने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन तथा आशा कार्यकर्ताओं के नियमित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए ब्लॉक स्तर पर कलस्टर बैठक होती है। इस प्रशिक्षण के बाद आशा संगिनियां स्वयं अपने आशा कार्यकर्ताओं का क्षमतावर्धन कर सकेंगी। इससे उनके कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा सरकार की योजनाओं को आमलोगों तक पहुंचाने में लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें गर्भवती की प्रसव पूर्व (एएनसी) एवं प्रसव पश्चात (पीएनसी) देखभाल, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस, प्रशिक्षण कौशल आदि विषयों की जानकारी दी गई। इस दौरान संगिनियों ने भी प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारियों के व्यवहारिक उपयोग का प्रस्तुतिकरण दिया। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए राज्य स्तर से टीएसयू के कम्युनिटी प्रोसेस के स्टेट स्पेशलिस्ट बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि उच्च जोखिम गर्भवती (एचआरपी) की जल्दी पहचान कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिलाकर मातृ मृत्यु दर कम की जा सकती है। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम गर्भवती की जटिलताओं को तीन वर्गों में बांटा गया है। 1–गर्भवती की पूर्व गर्भावस्था या पूर्व प्रसव के इतिहास के आधार पर 2–गर्भवती को पहले कोई बीमारी हो तो उसके आधार पर 3–वर्तमान गर्भावस्था में जांच के आधार पर इन तीनों स्थितियों के आधार पर उच्च जोखिम गर्भवती की पहचान कर तुरंत चिकित्सकीय सुविधा देकर बहुत हद तक मातृ मृत्यु रोकी जा सकती है। इसमें आशा कार्यकर्ताओं तथा आशा संगिनियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्र के दौरान बच्चों एवं गर्भवतियों को



टीके लगाए जाते है। यह टीके टिटनेस, गलाघोंटू, कालीखांसी, वायरल निमोनिया, बैक्टीरियल निमोनिया, दस्त रोग (डायरिया), हेपेटाइटिस, टीबी, पोलियो, चेचक (खसरा), रुबेला, जापानी मस्तिष्क ज्वर से बच्चों एवं गर्भवतियों का बचाव करते हैं। इस सत्र को आयोजित करने में आशा कार्यकर्ता और संगिनियां सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वह ही बच्चों की ड्यूलिस्ट तैयार कर सत्र के दिन, सत्र स्थल पर लाभार्थियों को बुलाकर टीकाकरण कराना सुनिश्चित कराती हैं। संगिनियों को ड्यूलिस्ट बनाने की प्रक्रिया, टीका से छूटे बच्चों को कहां–कहां और कैसे खोजा जाए सहित अन्य विषयों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। परिवार नियोजन सत्र में संगिनियों ने स्वयं प्रस्तुतिकरण देकर परिवार नियोजन के साधनों जैसे अंतरा, छाया, ओरल पिल्स, कंडोम आदि के बारे में जानकारी दी। बताया कि योग्य दम्पतियों तक हम कैसे परिवार कल्याण की सुविधाएं पहुंचाते है। प्रशिक्षण के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सर्टीफिकेट प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को एसीएमओ डॉ सत्य नारायण हरिश्चंद्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सत्यव्रत त्रिपाठी, जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (डीसीएम) मोहम्मद खुबैब रजा, कम्युनिटी आउटरीच के डिस्ट्रिक्ट स्पेशलिस्ट फणीन्द्रमणि जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया।

## होली का यह पर्व जनता में प्रेम और सौहार्द लाये: अखिलेश यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज सैकड़ो की संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भेंटकर होली की बधाई दी। समाजवादी पार्टी के नव निर्वाचित विधायकों ने भी अखिलेश यादव को होली की शुभकामनाएं दी। अखिलेश यादव से मिलने बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक, पुरुष एवं महिलाएं तथा अधिकारी भी आए थे। सपेरा समाज के लोगों ने भी उनका अभिनंदन किया। महिलाओं ने भी अखिलेश यादव को होली की शुभकामनाएं दी। नौजवानो ने अपने प्रिय नेता का अभिनंदन करते हुए उनके नेतृत्व में काम करते रहने का विश्वास दोहराया। शिक्षकों के एक दल ने भी मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने भी भेंट की। अखिलेश यादव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का यह पर्व जनता में प्रेम और सौहार्द लाये। होली का रंग सबके जीवन में दुःख और उदासी दूर कर खुशहाली लाये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निराश न होने और पूरे उत्साह के साथ पार्टी की मजबूती में लग जाने को कहा। यादव ने कहा कि यह ऐसा समय है जब नफरत समाप्त हो, भाईचारा मजबूत हो, सामाजिक सद्भाव कायम रखाना महत्वपूर्ण है। यह भी कामना की है कि किसानों एवं नौजवानों का भविष्य सुखमय हो।इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, एम0एल0सी0 अरविन्द कुमार सिंह, पल्लवी पटेल, फरीद किदवई, डॉ0 मान सिंह ने भी मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को पर्व की शुभकामनाएं दी।

आप सभी देश एवं प्रदेश वासियों को पावन पर्व होली की हार्दिक बधाई



–अजय सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ,भारत, एवं मुख्य सलाहकार तथा संरक्षक
–मि.ए.ई.डि.उत्तर प्रदेश

## थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह मय हमराहियान उ0नि0 विनोद कुमार अंचल चौकी प्रभारी सीतमसराय द्वारा मु0अ0सं0 21/2022 धारा 504/506 भादवि व 66 सी आईटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त श्याम बहादुर उर्फ पप्पू यादव पुत्र लोथर यादव उम्र करीब 45 वर्ष निवासी जेठपुरा (विशुनपुर) थाना नेवढिया जनपद जौनपुर को दिनांक 16.03.2022 को समय 14.40 बजे को उसके घर से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. श्याम बहादुर उर्फ पप्पू यादव पुत्र लोथर यादव निवासी जेठपुरा (विशुनपुर) थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। पंजीकृत मु0अ0सं0– 1. मु0अ0सं0 21/2022 धारा 504/506 भादवि व 66 सी आईटी एक्ट थाना नेवढिया जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास – 1. मु0अ0सं0 20/2022 धारा 147/504ध427 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम – 1.थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह 2.उ0नि0 विनोद कुमार अंचल चौकी प्रभारी सीतमसराय 3. का0 संस्कार कुशवाहा थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर।



## नेहरू परिवार के साये से बाहर निकले कांग्रेस , वरना खत्म हो जाएगा वजूद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव नतीजों में मिली शर्मनाक हार के बाद अब जरूरत है कि कांग्रेस नेहरू परिवार के साये से बाहर निकले और समूह–23 के सुझावों के तहत आगे बढ़े । यह कहना है राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य विधान परिषद के पूर्व सदस्य सिराज मेंहदी का जो पार्टी की मुसलसल घटती लोकप्रियता से काफी आहत हैं । उनका यह भी कहना है कि पार्टी कि सर्वोच्च अधिकार प्राप्त कमेटी चापलूसों की जमात बन कर रह गई जहां बैठे नेता शीर्ष नेतृत्व को आईना दिखाने की बजाय उसे गुमराह करने का किरदार निभा रहे हैं । उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में श्रीमती प्रिंयका गांधी के नेतृत्व



में चुनाव लड़ा गया , चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन से लेकर प्रचार की सम्पूर्ण जिम्मेदारी वह स्वयं निभा रही थी ऐसे में चुनाव में शर्मनाक नतीजों की जिम्मेदारी भी नैतिक रूप से लेते हुए उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चहिये । श्री मेंहदी ने कहाकि चुनाव नतीजों की समीक्षा के लिए सी डब्लू सी की आहूत बैठक में चमचो और चापलूसों ने जिस तरह भूमिका निभाई वह निंदनीय है , उन्होंने यह भी कहा कि आज सांप्रदायिक और जातिवादी ताकतों से लड़ने के लिए नेहरू परिवार का मोह त्याग कर पार्टी को नए सिरे से खड़ा करने की जरूरत है । उन्होंने समूह 23 के नेताओं से आग्रह किया कि पार्टी को बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाए और एक स्वर में नेहरू परिवार से पद छोड़ने की मांग करे । उन्होंने कहा कि पार्टी के आमजनों और कतिपय चापलूस नेताओं को यह समझना होगा कि गर कांग्रेस का वजूद समाप्त हो गया तो उनका भी कोई वजूद नहीं रहेगा ।

## भारत विकास परिषद् ने वृद्धजनों के साथ होली मनाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद् ने रंगोत्सव पर्व होली की पूर्व संध्या पर प्रेमराजपुर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को गोझिया,चिप्स,पापड़,नमकीन आदि वितरित कर होली का पर्व मनाया। परिषद्



के संयोजक विक्रम कुमार गुप्त ने कहा कि वृद्धजन की सेवा करना पुनीत कार्य है।यह मानव सेवा का सर्वश्रेष्ठ कार्य है।आज होली के पूर्व संध्या पर आप लोगों के साथ कुछ पल बिताकर बहुत अच्छा लगा। कार्यक्रम संयोजक दन्त एंव मुख रोग विशेषज्ञ डा.गौरव प्रकाश मौर्य ने वृद्धाश्रम में उपस्थित बुजुर्गों का दन्तरोग से सम्बंधित सभी इलाज निः शुल्क करने का संकल्प लिया। वहीं मुख एंव दन्तरोग रोग विशेषज्ञ डा.तुलिका मौर्या ने बुजुर्ग महिलाओं की समस्या सुनी और उसके निदान के लिए सबको आश्वत किया। संस्थाध्यक्ष अवधेश गिरि ने सबका बार आभार व्यक्त करते हुए सबको होली की शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर ,पंकज सिंह,अतुल सिंह, राहुल पाण्डेय, विवेक सिंह,जयेश सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।



आप सभी जौनपुर जनपद एवं प्रदेश वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

– ई0 राजकुमार पाण्डेय
अधिशासी अभियन्ता(या0)
लघु डाल नहर खण्ड, जौनपुर

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को होली की हार्दिक शुभकानाएं एवं बधाई



–ई. विजय कुमार
सहा0 अभियन्ता ( यान्त्रिक )
नलकूप खण्ड, बलरामपुर, उ0प्र0

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



–निर्भय राम
अवर अभियंता
नलकूप खण्ड, जौनपुर

सभी आजमगढ़ जनपदवासियों को होली की हार्दिक बधाई



–राजकुमार जायसवाल
रिपोर्टर
दै.देश की उपासना
बिलरियागंं तहसील सगड़ी आजमगढ़

आप सभी वाराणसी जनपद एवं प्रदेश वासियों को होली की हार्दिक बधाई



–ई0 चन्द्रशेखर आजाद
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
वाराणसी

आप सभी उत्तर प्रदेश एवं जनपद भदोही वाशियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं



–अशोक कुमार राय
(सम्पादक)
दै.देश की उपासना ,भदोही संस्करण

आप सभी काशी वासियों को हिन्दू नववर्ष तथा होली की हार्दिक शुभकामनाएं



–ई0 एस.के.उपाध्याय
अधीक्षण अभियन्ता (सेवा निवृत्त)
सह संयोजक,कुटुम्ब प्रबोधन,काशी दक्षिण ,वाराणसी

## एलपीसी – ए. ब्लॉक राजाजीपुरम में बच्चों ने दिया क्लास प्रेजेंटेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज, ए. ब्लॉक राजाजीपुरम के प्राइमरी विंग के बच्चों का दो दिवसीय क्लास प्रेजेंटेशन संपन्न हुआ । बच्चों ने 'ग्रेटीट्यूड' और 21 वी शताब्दी के कौशल विषयों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी । उक्त प्रस्तुति में जीवन में कृतज्ञता कितनी आवश्यक है. उस विषय पर कक्षा एक के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी तथा कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने 21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल पर अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसमें कम्युनिकेशन स्किल. डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, मीडिया लिटरेसी, नवाचार, खेल क्रिटिकल थिंकिंग, पारस्परिक सहयोग, सृजनशीलता तकनीक, हेल्थ एंड हाइजीन, ग्लोबल अवेयरनेस प्रॉब्लम सॉल्विंग. सामाजिक कौशल, दृढ़ता, अनुकूलन, लचीलापन एवं उपादेयता आदि कौशल शामिल



किए गए। इस अवसर पर संस्थापक महाप्रबंधक डॉ. एस. पी सिंह डायरेक्टर हर्षित सिंह, प्रिंसिपल भारती गोसाई, शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## भारत निर्वाचन आयोग के पत्र द्वारा कार्यक्रम को संशोधित करते हुए स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम किया गया जारी

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन–2022 भारत निर्वाचन आयोग के पत्र द्वारा कार्यक्रम को संशोधित करते हुए स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है तथा यह भी निर्देशित किया गया है कि उल्लिखित निर्वाचन क्षेत्र के सम्बन्ध में जो भी नाम निर्देशन पत्र 04 और 05 फरवरी, 2022 को भरे गये होगें उन पर भी ऐसे अन्य नाम निर्देशन पत्रों के साथ विचार किया जायेगा जो 15 मार्च 2022 से 21 मार्च 2022 तक (दिनांक 17, 18, 19 एवं 20 मार्च 2022 को सार्वजनिक अवकाश तिथि छोड़कर) भरे जा सकते है। नामांकन पुनः प्रारम्भ करने की तिथि 15 मार्च 2022, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम दिनांक 21 मार्च 2022, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु 22 मार्च 2022, नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक 24 मार्च 2022, मतदान 09 अप्रैल 2022, मतगणना 12 अप्रैल 2022, वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा 16 अप्रैल 2022 है।

आप सभी जनपद जौनपुर एवं समस्त देशवासियों को होली के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



–विजय प्रकाश श्रीवास्तव
एडवोकेट
सिविल कोर्ट जौनपुर
मोबाईल नम्बर
9450619319
निवास– नाथूपुर, जमैथा, जौनपुर

आप सभी जौनपुर जनपद एवं उत्तर प्रदेश वासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

–कैप्टन आई. जे. सिंह
संस्थापक
तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज, राजेपुर, बनरहियाबाग, जौनपुर



# कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों, सरकारी व गैर सरकारी अफसरो ने अपने कर्मियों को दी होली पर बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रंगों का पर्व होली का असर अयोध्या शहर में तीन–चार दिन पहले से ही दिखा।जहां एक ओर होली पर्व पर तीन दिन पहले से ही भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में नागा के अलावा और अन्य साधु संतों ने अपने अपने तरीके से सतरंगी होली खेलते हुए दिखे।वही इसी कड़ी में सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में अधिकारियों व मालिकों ने अपने अपने कर्मचारियों को होली का उपहार देकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दिया।मालूम हो कि इस बार होलिका दहन 17 मार्च को व धूल भरी होली 18 मार्च को होगी जिसको लेकर राम नगरी अयोध्या में 3 दिन पहले से ही संत महात्मा के साथ–साथ नगर वासी होली खेलते दिख रहे थे।इसी कड़ी में सरकारी व सरकारी कर्मचारियों को अधिकारी उन्हें उपहार देकर होली की बधाई देते नजर आ रहे थे।वहीं इस बार शासन ने 19 मार्च को होली का 1 दिन का और अवकाश घोषित कर दिया।जिससे अब 18 व 19 और 20 मार्च को अवकाश रहेगा।होली के एक दिन पहले ही छोटे–छोटे बच्चे सुबह से ही पिचकारी गुब्बारे रंग भरे हो लेकर एक दूसरे पर फेंकते नजर आ रहे थे।जिससे उन्हें बहुत ही आनंद भी आता दिख रहा था।वही आज दोपहर गुरुवार को कई सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में लोग होली खेलते नजर आए और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी देते नजर आ रहे थे।वही होली की पूर्व संध्या पर अयोध्या नगर के सभी अधिकतर दुकानों पर अलग–अलग तरह के रंग गुलाल अबीर सजीव हुए थे।वहीं दूसरी ओर मिठाइयों की दुकानों पर विभिन्न तरीके की मिठाइयां व गुजिया तथा जनरल स्टोर पर आलू के बने चिप्स पापड़ सहित अन्य खाद्य पदार्थ दिखे।जहां पर महिलाओं और बच्चों की अच्छी खासी भीड़ दिखी।इसी कड़ी में पिचकारी रंग को खरीदने को लेकर बच्चे भी जिद करते दिखे।इसी कड़ी में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा मण्डलः अयोध्या ने जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये सभी को मिल जुलकर शांतिपूर्ण होलीकोत्सव मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रंगों का त्यौहार जीवन में खुशी एवं उल्लास लाता है। आप सभी के जीवन में हमेशा खुशी एवं उल्लास रहे हमारी ऐसी कामना है।पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह ने मण्डल के सभी जनपदों के जनसामान्य को पवित्र होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है तथा होली पर्व को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के रूप में मनाने की अपील की।डीएम नितीश कुमार ने जनपदवासियों को होली की ढेर सारी बधाईयां देते हुये कहा कि परम्परागत ढंग से होली का पवित्र पर्व मनाये और रंगों की खुशी निरन्तरता अपने जीवन में बनायें। होली ऐसा त्यौहार है जिसे बच्चें, बूढ़े एवं नवयुवक सभी बड़े उल्लास के साथ मनाते है। होली पर्व पर बिजली एवं पानी की आपूर्ति लगातार होती रहे ऐसे निर्देश विद्युत विभाग एवं जलकल को दिये गये है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने जनपद वासियों को होली पर्व पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुये शांति व्यवस्था बनाये रखने में आपकी सुरक्षा में तैनात पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों के सहयोग की अपील की है। उन्होंने किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की भी अपील की है। उन्होंने कहा पर्व को देखते हुये जनपद में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।नगर आयुक्त विशाल सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के वासियों को होली के पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये नगर निगम द्वारा बेहतर नागरिक सुविधाएं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव ने सभी लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये सभी को आश्वासन दिया कि विकास की जो भी योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जायेगी उन्हें ग्रामीण क्षेत्र के पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में विकास अधिकारी समन्वित रूप से प्रयास करेंगे। होली की सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनाएं।उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने मण्डल एवं जनपद के सभी मीडिया बन्धुओं, साहित्यकारों, संत महंतों को पवित्र होली की शुभकामनाएं व बधाई दी है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने जमकर खेली होली



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी मैथ के छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। प्रत्यूष पाण्डेय, अनिवेश यादव, आदर्श कुमार, आकांक्षा सिंह, सत्येंद्र सिंह, श्रेया गुप्ता, प्राची कनौजिया, रितु आदि छात्र छात्राओं ने होली का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। लखनऊ विश्वविद्यालय के बच्चों में उमंग और उल्लास चरम पर था। बच्चे अपने–अपने घरों से गुझिया लेकर आए थे सामूहिक रूप से एक दूसरे को खिलाई।

# होली पर्व पर सिर्फ सूखे रंग का ही करे प्रयोग – डा. अरविंद खरे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) होली आपसी भाईचारे के साथ साथ रंगों का त्योहार है।इस दिन सभी सम्मानित लोगों को आपसी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे के गले मिलकर सारे गिला शिकवा दूर कर रंगो के पर्व होली को हर्षोल्लास पूर्वक मनाना चाहिए।इस दिन जहां तक संभव हो सूखे रंगों से ही होली खेलनी चाहिए केमिकल रंग का प्रयोग कतई नहीं करना चाहिए।यह बातें देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से शहर के प्रतिष्ठित अमर हॉस्पिटल की निदेशक डॉ अरविंद खरे ने खास मुलाकात में कहीं।सतरंगी रंगों का पर्व होली के पावन अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को अमर हॉस्पिटल के चिकित्सकों व कर्मचारियों के माध्यम से बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे के प्रतीक का पर्व है।इस पर्व को सभी लोग शांति पूर्वक ढंग से मनाए उन्होंने कहा कि होली खेलते समय विशेष ध्यान रखें कि होली अगर आप खेल रहे हैं तो जहां तक हो सके सिर्फ अबीर गुलाल लगाकर ही होली खेले क्योंकि इसका असर चेहरे पर नहीं पड़ता है।उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग कतई ना करें नहीं तो इससे त्वचा को काफी नुकसान होता है एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर होली खेलते समय किसी की आंख में रंग चला गया हो तो उसे कतई मले नहीं बल्कि आंख पर पर ठंडे पानी का छींटे मारते हुए जितना जल्दी हो सके आसपास के चिकित्सकों के पास जाकर इसका इलाज कराएं उन्होंने कहा कि इसके साथ ही साथ बाजारों में आ रहे इस समय मिलावटी पदार्थों का प्रयोग कतई ना करें क्योंकि इस समय मिलावटी खोवा मिठाइयां व पनीर की अधिक भरमार सुनाई दे रही है इसका प्रयोग



कतई ना करें नहीं तो इसका विपरीत प्रभाव आपके शरीर पर पड़ेगा होली के पावन पर्व पर उन्होंने कहा कि होली के दिन सभी लोग पुरानी दुश्मनी आज भूलकर आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए एक दूसरे से गले मिले और अबीर गुलाल लगाकर मिठाइयां खिलाएं अंत में अमर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अरविंद खरे प्रबंध निदेशक डॉ साधना करें के साथ साथ शहर की प्रसिद्ध चिकित्सक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आरुषि खरे ने अपने हॉस्पिटल के कर्मचारियों की ओर से रंगों का पर्व होली पर सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया और एक बार फिर अपील किया कि सभी लोग इस पर्व को भाईचारे की पर्व के रूप में मनाएं और मदिरापान के साथ–साथ केमिकल रंग का प्रयोग कतई ना करें अगर रंग का प्रयोग करना है तो केवल सूखे रंग का प्रयोग करें।

# अयोध्या में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अराजक तत्वों ने किया बम से हमला : कई गंभीर

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के गोशाईगंज थाना क्षेत्र में श्रीमदभागवत भंडारे में आयोजित नौटंकी कार्यक्रम मे अराजक तत्वों द्वारा देशी बम फेंकने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए पुलिस सीएचसी मयाबाजार ले गई, जहाँ से चिकित्स्कों ने उनकी हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सूत्र के मुताबिक चारो की की हालत नाजुक बनी हुई है। चार घायलों में एक का लखनऊ ट्रामा सेंटर व एक का जिला चिकित्सालय अयोध्या में इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस आयोजक व गांव के युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।इस घटना की सूचना के बाद सीओ सदर शैलेन्द्र प्रताप गौतम ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के रजपलिया गांव मे राम भवन प्रजापति के यहां श्रीमद भागवत कथा का भंडारा था। बाराबंकी जनपद की एक नामी नौटंकी का कार्यक्रम था। बुधवार को रात नौ बजे नौटंकी शुरू होने के बाद शराब के नशे में धुत अराजक तत्वों ने बवाल शुरू कर दिया। मारपीट शुरू हुई, जिसमें चार–पांच लोग घायल हो गए।इस सूचना पर डायल 112 की गाड़ी व स्थानीय पुलिस पहुंची। मामला शांत कर जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी किसी ने दर्शक की भीड़ में एक देशी बम फेंक दिया। बम फटने से चार लोग घायल हो गए।

# लोगों को अंगवस्त्र तथा मोमेंटो देकर किया गया स्वागत

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : विकासखंड करंजाकला के जासोपुर चकिया मे युवराज ऑनलाइन साइबर जोन का भव्य उद्घाटन हुआ, इस अवसर पर भाजपा नेता ब्रह्मेश शुक्ला तथा मिश्का वर्मा ने फीता काटकर युवराज ऑनलाइन साइबर जोन का भव्य उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ब्रह्मेश शुक्ला ने कहा कि दुकान खुल जाने से आसपास



के लोगों को ऑनलाइन से संबंधित तमाम कार्य कराने में आसानी होगी, भाजपा नेता मनोज तिवारी,संतोष त्रिपाठी ने कार्यक्रम मे उपस्थित तमाम लोगो का धन्यवाद देते हुए कहा ग्राहक को सम्मान तथा ग्राहक का विश्वास व्यवसाय में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भाजपा नेता रमेश शुक्ला ने उपस्थित दर्जनो ग्राहकों को अंगवस्त्र तथा मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया,तथा पन्नालाल स्वतंत्रता जन कल्याण समिति जनकल्याण समिति द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यक्रमों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अशोक यादव तथा अशोक कुमार का माल्यार्पण कर उनका आभार व्यक्त किया संथापक शिवा कुमार वर्मा ने कहा इस समिति का उद्देश्य है हर असहाय व गरीब का मदद हो तथा समाज का विकास हो,इस अवसर पर ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के अध्यक्ष ओपी यादव,संतोष सेठ,गणेश सेठ समेत आदि लोग उपस्थित रहे।


**रंगों का पर्व होली के पावन अवसर पर आप सभी सम्मानित जिले वासियों को हमारी ओर से हार्दिक बधाई**

**–डॉ अंबिकेश त्रिपाठी**
**सदस्य,**
**राज्य संसाधन समूह**
**उत्तर प्रदेश, अयोध्या**
**मो0नं0–9415611050**




# अपने सादगी व शालीनता के चलते आज भी लोगों के दिलो में है बाबू राम चन्द्र लाल श्रीवास्तव

**पुण्य तिथि पर विशेषः**

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरों चीफ अयोध्या)जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र के चौबेपुर (जाना बाजार) निवासी बाबू राम चन्द्र लाल श्रीवास्तव जहां एक ओर सरकारी नौकरी करते हुए अपने विभाग में सादगी के साथ–साथ शालीनता का मिसाल पेश किया वही दूसरी तरफ अपने पैतृक गांव चौबेपुर जाना बाजार में भी अपने सामाजिक कार्य के चलते काफी चर्चा में रहे।जिनका देहांत आज के दिन 17 मार्च 2014 को दोपहर एक बजे होली के दिन कोतवाली नगर के अश्वनीपुरम कालोनी में स्थित उनके आवास पर हो गया था।परंतु आज भी समाज में उनके द्वारा किये गये कार्यो की चर्चा समाज में होती है।इसका पता इसी बात से चलता है कि अभी भी जब भी कोई इनके विभाग जल निगम द्वितीय निर्माण शाखा में जाता है या फिर इनके पैतृक गांव चौबेपुर जाना बाजार जाता है तो सभी लोग एक ही बात कहते हैं की जो बात बाबू राम चंद्र लाल में रही वह किसी में नहीं।सूत्रों के मुताबिक जिस दिन इनकी मृत्यु होली के ठीक दोपहर 1:00 बजे इनके निवास अश्वनी पुरम कॉलोनी में हुई उसी समय लोगों ने एक ही वाक्य कहा कि बाबू राम चंद्र लाल जैसे सामाजिक प्राणी क्षेत्र में कभी–कभी ही मिलते हैं मालूम हो कि राम चंद्र लाल श्रीवास्तव का जन्म अयोध्या जनपद के थाना हैदरगंज क्षेत्र के चौबेपुर जाना बाजार में एक कायस्थ परिवार में हुआ था।इनके पिता जी स्वर्गीय धर्म किशोर लाल श्रीवास्तव वायुसेना विभाग में कार्यरत रहे और इनकी माता जगपति श्रीवास्तव एक ग्रहणी के रूप में भूमिका निभाई।रामचंद्र लाल शुरू से ही जहां एक ओर अपने पैतृक गांव व आसपास में अपने सामाजिक कार्यों के चलते चर्चा में रहे।उन्होने जल निगम में नौकरी किया और वर्ष 2005 में अयोध्या जनपद में स्थित उत्तर प्रदेश जल निगम द्वितीय निर्माण शाखा रिटायर्ड हुये।उसके बाद वे गाँव के लोगो के कहने पर चुनाव लडा और जीते भी।इनके मृत्यु की खबर सुनते ही जल निगम विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ साथ उनके पैतृक गाँव के लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।आज भी इनके पैतृक गांव के लोग और जल निगम विभाग में इनके समय में कार्यरत रहे कर्मचारी यही बात कहते हैं कि जो शालीनता व सादगी बाबू राम चंद्र लाल में रही वह काबिले तारीफ रही।जिसके चलते आज भी लोग इन्हें इनको याद करते हैं।




हम सभी को इस बात का अपार दुःख है कि पिछले आठ वर्षों से आप हमारे बीच नहीं है। परन्तु आपका आशीर्वाद हमारे साथ है।

**शोकाकुल परिवार**

रामकुमारी (माता)
श्यामचन्द्र लाल (चाचा)
सुनील श्रीवास्तव (भाई)
पवन श्रीवास्तव (भाई)
अरविंदकांत (भाई)
रत्नेशकांत (भाई)
शशांक, सोनाली, सुमित, यशी, प्रियांशी, जया, वैभव
(सभी भतीजा – भतीजी)

राजेश श्रीवास्तव (पुत्र)
जिला ब्यूरो चीफ दैनिक देश की उपासना / एनबीसी चैनल अयोध्या
पता– ई –91 अश्वनीपुरम कालोनी, वजीरगंज, अयोध्या
मोबाईल नम्बर– 9454331471, 9555188825

# राम नगरी अयोध्या में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस फोटो में यह मासूम दिखने वाला शख्स कोई और नहीं बल्कि राम नगरी अयोध्या को शर्मसार करने वाला हैवान दरिंदा या राक्षस जितने भी नाम दिए जाए इसके लिए कम है क्योंकि आरोप के मुताबिक राजन माझी नामक इसी दरिंदे ने राम नगरी अयोध्या में एक बच्ची के साथ रेप कर अयोध्या नगरी को शर्मशार कर दिया।समाज के मुताबिक इस आरोपी को जितनी भी सजा दी जाए उतना ही कम है।वही जितने दोषी इस घटना में शामिल यह दोषी है वही सूत्र के मुताबिक लखनऊ में चिकित्सकों ने उक्त बच्ची का इलाज दोपहर 1:00 बजे के बाद ही शुरू किया उनका कहना यह था कि जब तक पूरी फॉर्मेलिटी नहीं हो जाती तब तक हम हाथ नहीं लगा सकते सूत्र के मुताबिक दर्द से तड़पती बच्ची एक तरफ करा रही थी वही चिकित्सक को तो छोड़िए उसको देखने के लिए लखनऊ में कोई आला अधिकारी जनप्रतिनिधि तक नहीं गया जबकि मोदी सरकार योगी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कन्याओं के लिए एक से एक उपाय कर रही है लेकिन इनमें कुछ ऐसे अधिकारी या अन्य वर्ग के लोग हैं जो उनकी योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र वाह नवभारत चेतना न्यूज चैनल की टीम ने जब इस घटना के संबंध में अयोध्या के लोगों से बात किया तो उन लोगों का गुस्सा चरम सीमा पर था और सभी लोग एक ही स्वर में कहे कि इस आरोपी को ऐसी सजा मिले जिससे कोई दूसरा आरोपी इस तरह का कृत्य कार्य ना कर सके मालूम हो कि भगवान राम की नगरी अयोध्या में यलोजोन एरिया मे खून से लथपथ मासूम बेटी की लाश मिलने से आसपास के इलाकों के साथ साथ जिला व पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।इससे दरिंदगी की आशंका जताई जा रही थी।सूत्र के मुताबिक उस बच्ची को झाड़ी के बीच तड़पता देख स्थानीयों ने पुलिस को सूचना दी।उसकी उम्र करीब छः वर्ष की बताई जा रही है।उसे नाजुक हालत में उपचार हेतु जिला अस्पताल किया जहाँ पर उसके गंभीर दशा को देखते हुये मासूम को लखनऊ रिफर कर दिया गया। वही सूत्र के मुताबिक काफी देर बाद मासूम का इलाज केजीएमयू में चल रहा है।जहाँ चिकित्सको ने उसे खतरे के बाहर बताया है।मिली जानकारी के मुताबिक घर के पड़ोस में आयोजित एक भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होने मासूम





बेटी गई थी।इस कार्यक्रम को लेकर लगाए गए पंडाल के अंदर से ही मासूम को बहलाकर पीछे बनी झाड़ियों आरोपी दरिंदा झाड़ी में ले गया था।वही दरिंदगी करने के बाद मासूम को मरा समझ झाड़ी में ही छोड़कर फरार हो हुआ था।भारी भीड़ के बीच हवशी दरिंदे की पहचान करना पुलिस के लिए बडी चुनौती रही।जिले के प्रमुख पुलिस अफसरों और विभिन्न टीमों के साथ एसएसपी शैलेश पाण्डेय के साथ पूरी रात पड़ताल किया।इस कार्यक्रम स्थल के पड़ोस का एरिया छावनी बना रहा।पीड़िता मासूम के हम उम्र पड़ोस के रहने वाले दर्जनों बच्चों से भी पुलिस ने दोस्त बनकर कई घण्टे तक जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक दरिंदे की पुख्ता शिनाख्त हुई।वही मासूम के साथ दरिंदगी का मामले में आरोपी के गिरफ्तारी के बावजूद लोग नाराज हैं।कोतवाली के समीप राज सदन पर हंगामा चला।आरोपी की मदद करने वाले टेंट हाउस के मालिक शुभम के गिरफ्तारी की भी मांग कर रहे हैं।लोगों का दावा है कि इस घटना की जानकारी पूर्व में ही टेंट हाउस मालिक को थी। घटना के बाद नाटकीय ढंग से आरोपी की तलाश में टेंट हाउस मालिक जुटा रहा।मुख्य आरोपी राजन माझी को पुलिस ने सुबह 4:00 बजे हिरासत में लिया।टेंट हाउस के मालिक को पूछताछ के बाद छोड़े जाने से लोग नाराज है।टेंट हाउस संचालक शुभम की गिरफ्तारी की स्थानीय लोग मांग करते दिखे। ऐसे कुकर्मी को कडी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये।

# शिव की नगरी में जीवित हैं प्राचीन परंपराओं की होलिकाएं : शीतला घाट पर जलाई जाती है पहली होलिका

वाराणसी ब्यूरो : काशी की होली ही नहीं होलिकाएं भी देश भर में अनूठी हैं। रंगभरी में जहां भगवान शिव राजराजेश्वर स्वरूप में भक्तों संग होली खेलते हैं तो वहीं दूसरे दिन भूतभावन अपने गणों संग चिता भस्म की होली खेलकर राग और विराग के अंतर को मिटाते हैं। बात जब होलिका की होती है तो यहां 14वीं शताब्दी से भी अधिक प्राचीन होलिकाओं का इतिहास मिलता है। काशी में कई होलिकाएं ऐसी भी हैं जो कई सदियों से जलती आ रही हैं। बनारस में होलिकाएं गंगा घाट से लेकर वरुणा पार तक अपनी प्राचीनता के साथ आज भी उसी अंदाज में जलाई जाती हैं। शीतलाघाट की होलिका जहां गंगा से भी प्राचीन मानी जाती है वहीं कचौड़ी गली की होलिका 14वीं शताब्दी से जलती आ रही है। रुद्र सरोवर के समय से शीतला घाट पर जलती है होलिका केंद्रीय देव दीपावली समिति के अध्यक्ष वागीश शास्त्री ने बताया कि शीतला घाट पर जलाई जाने वाली होलिका का इतिहास काशी में गंगा से भी अधिक प्राचीन है। अपने बुजुर्गों से सुनते रहे हैं कि कई पीढ़ियों से यहां पर होलिका दहन किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ दरबार में भी है होलिका की परंपरा मान्यताओं की बात करें तो होलिका दहन तब से हो रहा है जब से काशी में गंगा की जगह रुद्र सरोवर हुआ करता था। आज भी काशी की पहली होलिका यहीं जलाई जाती है। काशी विद्वत परिषद के मंत्री डॉ. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि बाबा विश्वनाथ के मंदिर के प्रथम द्वार ढुंढिराज गणेश की होलिका की अग्नि में अन्न के अंशदान की परंपरा है। श्री काशी विश्वनाथ दरबार में भी होलिका दहन की प्राचीन परंपरा अनवरत जारी है। ढुंढिराज के सामने जलाई जाने वाली होलिका भी सदियों पुरानी है। यहां लकड़ी व कंडे के साथ नवान्न के अंशदान की भी पुरानी रस्म रही है। कचौड़ी गली में रखी गई थी पहली प्रह्लाद की प्रतिमा वरिष्ठ पत्रकार पद्मपति शर्मा बताते हैं कि कचौड़ी गली के नुक्कड़ पर जलने वाली होलिका का इतिहास 14वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपने पुरनियों से इस होलिका के बारे में सुना था। काशी में यहीं से होलिका में प्रह्लाद की प्रतिमा रखने की शुरुआत हुई थी और आज शहर के लगभग सभी हिस्सों में प्रतिमाएं नजर आती हैं। यहां घर–घर से लकड़ियों व कंडे का अंशदान होलिका में प्रदान किया जाता है। अनोखी है होली और होलिका दहन बाबा मशाननाथ मंदिर के व्यवस्थापक गुलशन कपूर ने बताया कि जब से काशी में चिताएं जल रही हैं तब से यहां पर होलिका का दहन भी होता आ रहा है। होलिका दहन के अलावा होली का स्वरूप भी यहां पर अनोखा है। दुनिया भर में यही एक जगह है जहां पर चिता–भस्म से होली खेली जाती है। चिता भस्म की अनोखी होली के लिए मशहूर मणिकर्णिका घाट की होलिका दहन का इतिहास भी सदियों पुराना है। मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर शवयात्रा व शवदाह की बची वस्तुओं से होलिका बनाई गई। है। बांटी जाती थी रंगों की पुड़िया और मिठाई अस्सी निवासी आरके पाठक ने बताया कि अस्सी पर जगन्नाथ मंदिर के नजदीक जलने वाली होलिका का इतिहास भी सदियों से जुड़ा है। अस्सी क्षेत्र की होलिका दहन के दौरान पहले रंगों की पुड़िया और मिठाइयां बांटी जाती थीं, लेकिन अब समय से के साथ चीजें बदल चुकी हैं। बुजुर्ग बताते थे कि होलिका की तिजहरिया से ही नगाड़ों का जुलूस चंदा मांगने निकल जाता था। दही हांडी का धमाल खींचता है भदैनी में भदैनी निवासी प्रताप बहादुर सिंह ने बताया कि भदैनी की होलिका का इतिहास तो काशी में पेशवाओं के आने से पहले का है। उसके पहले से ही यहां पर होलिका दहन की परंपरा आज तक चली आ रही है। पेशवाकाल में इसकी रौनक तो बस देखते ही बनती थी। बीते कुछ सालों से यहां पर दही की हांडी फोड़ने की परंपरा युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। होलिका में दही, रंग हांडी फोड़ने का धमाल हर किसी को अपनी तरफ खींचता है। जलती है होलिका, गूंजता है फाग चेतगंज चौराहे पर प्राचीन काल से होलिका जलती आ रही है। चेतगंज निवासी राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस होलिका की शुरुआत चेतगंज रामलीला की शुरुआत करने वाले बाबा फतेहराम के पहले से ही हो चुकी थी। गोबर के कंडों पर होलिका को सजाया गया है। आज भी यहां नगाड़ों की गूंज के बीच होलिका जलाई जाती है और फाग का गायन होता है।

## शुभकामना सन्देश

मित्रों!,
हमारी परम्परा में होलिकोत्सव में सभी मर्यादाएं कुछ क्षणों के शिथिल पड़ जाती है।लोगों में कुछ क्षणों के लिए उन्मुक्तता का व्यवहार दिखने लगता है–गांवों में एक कहावत प्रचलित है कि,'' फागुन में ससुरा देवर लागे...''। इन सब के बावजूद हमें न तो स्वयं को नहीं भूलना चाहिए न ही अपनी जिम्मेदारियों को भूलना चाहिए। बेशक हम उन्मुक्तखुशहाली की अभिव्यक्ति करें,पर खुशीके गुलाल उड़ाते समय यह भी ध्यान में रखें कि, उड़े हुए गुलाल की किरकिरी किसी की आंखों को दुःखी न कर दे।होली के हुड़दंग में किसी की आह न दबने पाये।2–अपनी एक पूर्वरचित पंक्तियों को आप सभी के लिए प्रस्तुत करते हुए हर्षित हूं।

होलिकोत्सव

आपस के बैर –भाव, होलिका में राख हों,
खुशियों की रंग–भरी प्रेम – पिचकारी हो।
जीवन की नदियों में, बहे धार आशा की
हरी–भरी दुनिया से, लोगों में प्यार हो।
महके गुलाल – गंध, धरती के गंध संग,
भांग के आनन्द रस मधुवत मिठास दें।
बसन्त की वयार झूम, बांटे सन्देश घूम,
रस –रूप स्रष्टा की सृष्टि से लगाव हो।
हुड़दंग बीच होली के, लुप्त हो न आह कहीं,
आंखें न बन्द करे, किरकिरी गुलाल की।
कामना है घर–घर ऋद्धि–सिद्धि ही दिखे,
सृष्टि में समृद्धि युक्त, समता का वास हो।



**–शिवशंकर द्विवेदी,**
**संयुक्त सचिव**
**(सेवा निवृत्त)**
**उ .प्र.शासन।**
**मो0 नं0 9454412786**


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।